विशद
श्री मुनिसुव्रतनाथ विधान
(भक्तामर अर्चना)

बीच में - ॐ
प्रथम कोष्ठ - 8
द्वितीय कोष्ठ - 16
तृतीय कोष्ठ - 24
कुल - 48 अर्घ्य

रचयिता :

प. पू. आचार्य विशदसागर जी महाराज

ye lagega

कृति - विशद श्री मुनिसुव्रतनाथ विधान

रचयिता - प. पू. साहित्य रत्नाकर, क्षमामूर्ति
आचार्य श्री 108 विशद सागर जी महाराज

संस्करण - प्रथम-2021, प्रतियाँ - 1000

सम्पादन . मुनि 108 श्री विशाल सागर जी महाराज

सहयोग - आर्यिका श्री भक्तिभारती माताजी
क्षुल्लक श्री विसौम सागर जी
क्षुल्लिका श्री वात्सल्य भारती माताजी

संकलन - ज्योति दीदी-9829076085, आस्था दीदी
सपना दीदी-9829127533, आरती दीदी-8700876822

कम्पोजिंग - आरती दीदी-8700876822

प्राप्ति स्थल - 1. सुरेश जैन सेठी, शांति नगर, जयपुर - 9413336017
2. हरीश जैन, दिल्ली - 9136248971
3. महेन्द्र कुमार जैन, सैक्टर-3 रोहिणी - 09810570747
4. पदम जैन, रेवाड़ी - 09416888879
5. श्री सरस्वती पेपर स्टोर, चांदी की टकसाल, जयपुर
मो.: 8561023344, 8114417253

पुण्यार्जक :
श्री अजय कुमार-श्रीमती पुनीता जैन, अमित-पूजा जैन, अनय जैन
ई-ब्लॉक, प्रीत विहार, दिल्ली, मो.: 9311022502

मुद्रक - बसन्त जैन, श्री सरस्वती प्रिन्टिंग इण्डस्ट्रीज, SBI के नीचे, चांदी की टकसाल, जयपुर - मो.: 8114417253, 8561023344
ईमेल : jainbasant02@gmail.com

मूल्य - 30/- रु. मात्र

500 Book me
ye lagega

कृति – विशद श्री मुनिसुव्रतनाथ विधान

रचयिता – प. पू. साहित्य रत्नाकर, क्षमामूर्ति
आचार्य श्री 108 विशद सागर जी महाराज

संस्करण – प्रथम-2021, प्रतियाँ - 1000

सम्पादन . मुनि 108 श्री विशाल सागर जी महाराज

सहयोग – आर्यिका श्री भक्तिभारती माताजी
क्षुल्लक श्री विसौम सागर जी
क्षुल्लिका श्री वात्सल्य भारती माताजी

संकलन – ज्योति दीदी-9829076085, आस्था दीदी
सपना दीदी-9829127533, आरती दीदी-8700876822

कम्पोजिंग – आरती दीदी-8700876822

प्राप्ति स्थल – 1. सुरेश जैन सेठी, शांति नगर, जयपुर - 9413336017
2. हरीश जैन, दिल्ली - 9136248971
3. महेन्द्र कुमार जैन, सैक्टर-3 रोहिणी - 09810570747
4. पदम जैन, रेवाड़ी - 09416888879
5. श्री सरस्वती पेपर स्टोर, चांदी की टकसाल, जयपुर
मो.: 8114417253

पुण्यार्जक :
सी.ए. शैलेन्द्र कुमार जैन-श्रीमति नीरा जैन, डॉ. अरिहन्त जैन, इंजि. अजित जैन
बिजनौर (उत्तर प्रदेश)-246701

मुद्रक – बसन्त जैन, श्री सरस्वती प्रिन्टिंग इण्डस्ट्रीज, SBI के नीचे
चांदी की टकसाल, जयपुर - मो.: 8114417253
ईमेल : jainbasant02@gmail.com

मूल्य – 30/- रु. मात्र

गुरु की छांव तले

परम पूज्य गुरुदेव 108 आचार्य श्री विशद सागर जी महामुनिराज में यथा नाम तथा गुण की सूक्ति चरितार्थ है। वे लेखन, चिंतन, सृजन और निर्भयता से हृदय स्पर्शी कथन करने वाले गुरुदेव हैं इनकी लेखनी में देवी सरस्वती माँ का भण्डार समाहित है जब किसी विधान का प्रारंभ होता है अन्त का तो पता ही नहीं चलता कब पूर्ण हो गया शब्दों की माला ऐसे बनती है नये से नये शब्द जिनका अर्थ सरलता से ही समझ जाते हैं प्रवचन में अथवा कोई क्लाश पढ़ाने का तरीका समझाने का तरीका कुछ अलग है सामने वाले के दिमाग में फिट करके ही छोड़ते हैं। ऐसे वात्सल्यमयी गुरुदेव दीर्घायु हों स्वस्थ रहें लेखनी निरन्तर चलती रहे गुरुदेव ने ''श्री मुनिसुव्रतनाथ विधान'' एवं दीपार्चना की रचना की है जो आपके सामने प्रस्तुत है आप सभी प्रभु की आराधना करें भक्ती करें एवं पुण्य की शक्ति को बढ़ाएँ जीवन को सुन्दर तरीके से जिएं परिवार में सुख शांति धर्म से ही आती है बच्चों में भी धर्म के संस्कार बढ़ते हैं मार्ग अच्छा हो तो साथ भी अच्छा मिलता है।

ज्ञान सरोवर आप हैं, करते ज्ञान प्रदान।
पंचाचारी हो करें, इस जग का कल्याण।।

गुरुदेव ने जीवन में जो ज्ञान धन पाया है वह सारे जग को समर्पित कर रहे हैं। जिस प्रकार धन प्राप्त करने वाले दो प्रकार के हैं एक तो कंजूस जो धन जोड़कर रखते हैं, दूसरे दानी जो धन को स्व परोपकार में लगाते हैं उसी प्रकार गुरुदेव भी ज्ञान धन को जितना लुटाते हैं उतना भण्डार भरता जा रहा है कहा भी है –

सरस्वती के भण्डार की बड़ी अपूरव बात।
ज्यों खर्चे त्यों त्यों बढ़े बिन खर्चे घट जात।।

और भी कहा है –

तुंगात्फलं यत्तदकिंनाच्च, प्राप्यं समृद्धान्न धनेश्वरादेः।
निरम्भसोऽप्युच्चतमादिवाद्रेर्, नैकापि निर्याति धुनी-पयोधेः।।

अर्थात् – लोभी धनवान से जो फल कभी प्राप्त नहीं होता है, किन्तु आकिन्चन दानी से वह फल पल भर में ही प्राप्त हो जाता है।

इस पुस्तक में श्री मुनिसुव्रत विधान दीपार्चना एवं संस्कृत विधान का समायोजन है। सम्पूर्ण क्रिया विधि से अनुष्ठान कर पुण्यार्जन करें।

ब्र. – सपना दीदी

लघु विनय पाठ

(दोहा छन्द)

पूजा विधि से पूर्व यह, पढ़ें विनय से पाठ।
धन्य जिनेश्वर देवजी, कर्म नशाए आठ।।1।।
शिव वनिता के ईश तुम, पाए केवल ज्ञान।
अनन्त चतुष्टय धारते, देते शिव सोपान।।2।।
पीड़ा हारी लोक में, भव-दधि नाशनहार।
ज्ञायक हो त्रयलोक के, शिवपद के दातार।।3।।
धर्मामृत दायक प्रभो !, तुम हो एक जिनेन्द्र।
चरण कमल में आपके, झुकते विनत शतेन्द्र।।4।।
भविजन को भवसिन्धु में, एक आप आधार।
कर्म बन्ध का जीव के, करने वाले क्षार।।5।।
चरण कमल तव पूजते, विघ्न रोग हों नाश।
भवि जीवों को मोक्ष पथ, करते आप प्रकाश।।6।।
यह जग स्वारथ से भरा, सदा बढ़ाए राग।
दर्श ज्ञान दे आपका, जग को विशद विराग।।7।।
एक शरण तुम लोक में, करते भव से पार।
अतः भक्त बन के प्रभो !, आया तुमरे द्वार।।8।।

मंगल पाठ

मंगल अर्हत् सिद्ध जिन, आचार्योपाध्याय संत।
धर्मागम की अर्चना, से हो भव का अंत।।9।।
मंगल जिनगृह बिम्ब जिन, भक्ती के आधार।
जिनकी अर्चा कर मिले, मोक्ष महल का द्वार।।10।।

।।इत्याशीर्वादः पुष्पांजलिं क्षिपेत।।

अथ पूजा पीठिका

ॐ जय जय जय। नमोस्तु, नमोस्तु, नमोस्तु।
णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं,
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं।

ॐ ह्रीं अनादिमूल मंत्रेभ्योनमः। (पुष्पांजलिं क्षिपामि)

चत्तारि मंगलं, अरिहन्ता मंगलं, सिद्धा मंगलं,
साहू मंगलं, केवलिपण्णत्तो, धम्मो मंगलं।
चत्तारि लोगुत्तमा, अरिहन्ता लोगुत्तमा, सिद्धा लोगुत्तमा,
साहू लोगुत्तमा, केवलिपण्णत्तो, धम्मो लोगुत्तमो।
चत्तारि शरणं पव्वज्जामि, अरिहंते शरणं पव्वज्जामि,
सिद्धे शरणं पव्वज्जामि, साहू शरणं पव्वज्जामि,
केवलिपण्णत्तं, धम्मं शरणं पव्वज्जामि।

ॐ नमोऽर्हते स्वाहा। (पुष्पांजलिं क्षिपामि)

मंगल विधान

शुद्धाशुद्ध अवस्था में कोई, णमोकार को ध्याये।
पूर्ण अमंगल नशे जीव का, मंगलमय हो जाए।
सब पापों का नाशी है जो, मंगल प्रथम कहाए।
विघ्न प्रलय विषनिर्विष शाकिनि, बाधा ना रह पाए।

।। पुष्पांजलिं क्षिपेत्।।

अर्घ्यावली

जल गंधाक्षत पुष्प चरू, दीप धूप फल साथ।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य ले, पूज रहे जिन नाथ।।

ॐ ह्रीं श्री भगवतो गर्भ-जन्म-तप-ज्ञान निर्वाण पंच कल्याणकेभ्यो अर्घ्यं नि.स्वाहा।।1।।

ॐ ह्रीं श्री अर्हत् सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधूभ्यो अर्घ्य निर्व. स्वाहा।।2।।

ॐ ह्रीं श्री भगवज्जिन अष्टाधिक सहस्त्रनामेभ्यो अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।।3।।

ॐ ह्रीं श्री द्वादशांगवाणी प्रथमानुयोग, करणानुयोग, चरणानुयोग, द्रव्यानुयोग नमः अर्घ्यं नि.स्व.।।4।।

ॐ ह्रीं ढाईद्वीप स्थित त्रिऊन नव कोटि मुनि चरणकमलेभ्यो अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।।5।।

''पूजा प्रतिज्ञा पाठ''

अनेकांत स्याद्वाद के धारी, अनन्त चतुष्टय विद्यावान।
मूल संघ में श्रद्धालू जन, का करने वाले कल्याण।
तीन लोक के ज्ञाता दृष्टा, जग मंगलकारी भगवान।
भाव शुद्धि पाने हे स्वामी !, करता हूँ प्रभु का गुणगान।।1।।

निज स्वभाव विभाव प्रकाशक, श्री जिनेन्द्र हैं क्षेम निधान।
तीन लोकवर्ती द्रव्यों के, विस्तृत ज्ञानी हे भगवान !
हे अर्हन्त ! अष्ट द्रव्यों का, पाया मैंने आलम्बन।
होकर के एकाग्रचित्त मैं, पुण्यादिक का करूँ हवन।।2।।

ॐ ह्रीं विधियज्ञ प्रतिज्ञायै जिनप्रतिमाग्रे पुष्पांजलि क्षिपामि।

''स्वस्ति मंगल पाठ''

ऋषभ अजित सम्भव अभिनन्दन, सुमति पद्म सुपार्श्व जिनेश।
चन्द्र पुष्प शीतल श्रेयांस जिन, वासुपूज्य पूजूँ तीर्थेश।।
विमलानन्त धर्म शांती जिन, कुन्थु अरह मल्ली दें श्रेय।
मुनिसुव्रत नमि नेमि पार्श्व प्रभु, वीर के पद में स्वस्ति करेय।।

इति श्री चतुर्विंशति तीर्थंकर स्वस्ति मंगल विधानं पुष्पांजलिं क्षिपामि।

''परमर्षि स्वस्ति मंगल पाठ''

ऋषिवर ज्ञान ध्यान तप करके, हो जाते हैं ऋद्धीवान।
मूलभेद हैं आठ ऋद्धि के, चौंसठ उत्तर भेद महान।।
बुद्धि ऋद्धि के भेद अठारह, जिनको पाके ऋद्धीवान।
निस्पृह होकर करें साधना, 'विशद' करें स्व पर कल्याण।।1।।
ऋद्धि विक्रिया ग्यारह भेदों, वाले साधू ऋद्धीवान।
नौ भेदों युत चारण ऋद्धी, धारी साधू रहे महान।।
तप ऋद्धी के भेद सात हैं, तप करते साधू गुणवान।
मन बल वचन काय बल ऋद्धी, धारी साधू रहे प्रधान।।2।।
भेद आठ औषधि ऋद्धि के, जिनके धारी सर्व ऋशीष।
रस ऋद्धी के भेद कहे छह, रसास्वाद शुभ पाए मुनीश।।
ऋद्धि अक्षीण महानस एवं, ऋद्धि महालय धर ऋषिराज।
जिनकी अर्चा कर हो जाते, सफल सभी के सारे काज।।3।।

।। इति परमर्षि-स्वस्ति-मंगल-विधानं।।

(पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि)

श्री देव शास्त्र गुरु पूजन

स्थापना

देव-शास्त्र-गुरु पद नमन, विद्यमान तीर्थेश।
सिद्ध प्रभु निर्वाण भू, पूज रहे अवशेष।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरु, विद्यमान विंशति जिन, अनन्तानन्त सिद्ध, निर्वाण क्षेत्र समूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। अत्र मम् सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(चाल छन्द)

जल के यह कलश भराए, त्रय रोग नशाने आए।
हम देव-शास्त्र-गुरु ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।1।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं निर्व. स्वाहा।

शुभ गंध बनाकर लाए, भवताप नशाने आए।
हम देव-शास्त्र-गुरु ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।2।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्व. स्वाहा।

अक्षत हम यहाँ चढ़ाएँ, अक्षय पदवी शुभ पाएँ।
हम देव-शास्त्र-गुरु ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।3।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो अक्षयपद प्राप्ताय अक्षतान् निर्व. स्वाहा।

सुरभित ये पुष्प चढ़ाएँ, रुज काम से मुक्ती पाएँ।
हम देव-शास्त्र-गुरु ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।4।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो कामबाण विध्वंशनाय पुष्पं निर्व. स्वाहा।

पावन नैवेद्य चढ़ाएँ, हम क्षुधा रोग विनशाएँ।
हम देव-शास्त्र-गुरु ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।5।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्व. स्वाहा।

घृत का ये दीप जलाएँ, अज्ञान से मुक्ती पाएँ।
हम देव-शास्त्र-गुरु ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।6।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अग्नी में धूप जलाएँ, हम आठों कर्म नशाएँ।
हम देव-शास्त्र-गुरु ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।7।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

ताजे फल यहाँ चढ़ाएँ, शुभ मोक्ष महाफल पाएँ।
हम देव-शास्त्र-गुरु ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।8।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो मोक्षफल प्राप्ताय फलं निर्व. स्वाहा।

पावन ये अर्घ्य चढ़ाएँ, हम पद अनर्घ्य प्रगटाएँ।
हम देव-शास्त्र-गुरु ध्याते, पद सादर शीश झुकाते।।9।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो अनर्घपद प्राप्ताय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

दोहा - शांती धारा कर मिले, मन में शांति अपार।
अतः भाव से आज हम, देते शांती धार।।

शान्तये शांतिधारा

दोहा - पुष्पांजलि करते यहाँ, लिए पुष्प यह हाथ।
देव शास्त्र गुरु पद युगल, झुका रहे हम माथ।।

पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्।

जयमाला

दोहा - देव-शास्त्र-गुरु के चरण, वन्दन करें त्रिकाल।
'विशद' भाव से आज हम, गाते हैं जयमाल।।

(तामरस छंद)

जय-जय-जय अरहंत नमस्ते, मुक्ति वधू के कंत नमस्ते।
कर्म घातिया नाश नमस्ते, केवलज्ञान प्रकाश नमस्ते।
जगती पति जगदीश नमस्ते, सिद्ध शिला के ईश नमस्ते।
वीतराग जिनदेव नमस्ते, चरणों विशद सदैव नमस्ते।।
विद्यमान तीर्थेश नमस्ते, श्री जिनेन्द्र अवशेष नमस्ते।
जिनवाणी ॐकार नमस्ते, जैनागम शुभकार नमस्ते।
वीतराग जिन संत नमस्ते, सर्व साधु निर्ग्रन्थ नमस्ते।
अकृत्रिम जिनबिम्ब नमस्ते, कृत्रिम जिन प्रतिबिम्ब नमस्ते।।
दर्श ज्ञान चारित्र नमस्ते, धर्म क्षमादि पवित्र नमस्ते।
तीर्थ क्षेत्र निर्वाण नमस्ते, पावन पंचकल्याण नमस्ते।
अतिशय क्षेत्र विशाल नमस्ते, जिन तीर्थेश त्रिकाल नमस्ते।
शाश्वत तीरथराज नमस्ते, 'विशद' पूजते आज नमस्ते।।

दोहा - अर्हंतादि नव देवता, जिनवाणी जिन संत।
पूज रहे हम भाव से, पाने भव का अंत।।

ॐ ह्रीं श्री देव-शास्त्र-गुरुभ्यो जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा - देव-शास्त्र-गुरु पूजते, भाव सहित जो लोग।
ऋद्धि-सिद्धि सौभाग्य पा, पावें शिव का योग।।

।। इत्याशीर्वादः (पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत)।।

श्री मुनिसुव्रत स्तवन

।। वीर छन्द।।

परम पूज्य तीर्थंकर जिनवर, मुनिसुव्रत प्रभु दया निधान।
राजगृही के स्वामी अनुपम, श्री जिनेश्वर परम प्रधान।।
परमातम अरहंत परम प्रभु, प्रशम प्रशान्त प्रभूतातम।
प्रशान्तादि प्रिय मित्र सुसंवर, जिन परमेश प्रमेयातम।।1।।
परम तत्त्व संपदा परम पथ, परम निष्ठ परमोत्तम प्राण।
परम शुक्ल ध्यानी परमेष्ठी, पाप प्रहारक परम पुमान।।
पूर्ण परिग्रह त्यागी प्रत्यय, प्रभव प्रणेता प्रभामयी।
प्रभादित्य प्रशमेश प्रकृति प्रिय, राग द्वेष मोहादि जयी।।2।।
पुराणाद्य प्रक्षीण बंध प्रभु, प्रज्ञाधर प्राकृत परिपूर्ण।
निर्विशेषवित् ध्याननाथ जिन, बल अनंत धारी जगपूर्ण।।
बोधि प्रदायक बोध रूप बहु, श्रुत ब्रह्मात्मा ब्रह्म विलास।
कलामूर्ति गणनाथ सुतिष्ठित, सम्प्रतिनाथ स्वरूप विकास।।3।।
संवर रूपी सुप्रसन्न जिन, सज्जन वल्लभ सामायिक।
प्रत्यग्ज्योति परम पददाता, परम प्रतीति परम क्षायिक।।
चेतन वंशी चंद्रोपम जिन, चरित्रनाथ चित् संतानी।
चतु-रशीति लक्षण निश्चिन्ता, हिम चेतयिता सदज्ञानी।।4।।
चित्स्वभाव चैतन्य धातु चित्, उदय रूप चित्पिंड अखण्ड।
गुण निवास उद्योतवान प्रभु, गुण निधि तेजोमयी प्रचंड।।
दिव्य ज्योति दुर्नय तमनाशी, दिव्य स्वरूप दयार्णव पूर।
विघ्न विनाशक विपुल प्रभामय, विपुलोद्योति ज्ञान अमपूर।।5।।
मैं भी गुण अनंत का स्वामी, सदा सिद्ध सम परमातम।
निज स्वरूप ज्ञायक प्रगटाऊँ, ध्यान करूँ निज शुद्धातम।।
व्यक्ताव्यक्त ज्ञानविद् विभुवर, लोकनाथ रविरत्न करंड।
रस रागादि विहीन योगभृत, रम्य यशस्वी वरद अमंड।।6।।
युगाधीश युग ज्येष्ठ लोकपति, लोकोत्तम त्रैलोक्यजयी।
लोकालोक प्रकाशक रवि प्रभ, लोकेश्वर कल्याणमयी।।
जय जय जय जय मुनिसुव्रत प्रभु, आप हुए तीर्थेश महान।
त्रिभुवनपति हे जग के त्राता!, गुण अनंत धारी भगवान।।7।।

(पुष्पांजलिं क्षिपेत्)

श्री मुनिसुव्रतनाथ जी की पूजा

स्थापना

जिनका यश तीनों लोकों में, खुश होके गाया जाता है।
जिनके चरणों में आकर के, माथा हर भक्त झुकाता है।।
श्री मुनिसुव्रत जी की महिमा, जिसका इस जग में पार नहीं।
हमने देखे कई देव विशद, ना मिला आपसा अन्य कहीं।।

दोहा - आओ तिष्ठो मम हृदय, तीर्थंकर भगवान।
विशद हृदय में आपका, करते हम आह्वान।।

ॐ ह्रीं सर्व मंगल दायक श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर सवौषट् आह्वानन्। अत्र तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितोभव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

।। विरागोदय-छन्द।।

गिरकर भाव शिला पर मृदुजल, अहं भाव खण्डित करता।
शील स्वभावी नीर सुनिर्मल, श्री जिनचरणों में धरता।।
जल मल के गुण हरण करे शुभ, जल की यह पावन पहचान।
मुनिसुव्रत के श्री चरणों में, मेरा बारम्बार प्रणाम।।1।।

ॐ ह्रीं सर्व मंगल दायक श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय जलं निर्व. स्वाहा।

है दुर्गन्ध कषायों की वह, नाश सुगन्धी फैलाए।
निज अस्तित्व मिटाकर चन्दन, सारे जग को महकाए।।
अग्नि जलाती है चन्दन वह, फिर भी सुरभित करे महान।
मुनिसुव्रत के श्री चरणों में, मेरा बारम्बार प्रणाम।।2।।

ॐ ह्रीं सर्व मंगल दायक श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय चन्दनं निर्व. स्वाहा।

माया है दुर्गति की दात्री, खण्डित जीवन करे सदैव।
अक्षय प्रभु पाए वह जीवन, जो प्रभु भक्ति में रमता एव।।
बाह्य आवरण हटते निज की, शक्ती नाश करे ज्यों ध्यान।
मुनिसुव्रत के श्री चरणों में, मेरा बारम्बार प्रणाम।।3।।

ॐ ह्रीं सर्व मंगल दायक श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अक्षतं निर्व. स्वाहा।

काम वासना से वासित हो, जीव शक्ति निज करता क्षीण।
भक्ति समर्पण पुण्य प्रदायक, शक्ति जगाए पुष्प नवीन।।
काम वाण क्षय होवे क्षण में, करने से जिनका गुणगान।
मुनिसुव्रत के श्री चरणों में, मेरा बारम्बार प्रणाम।।4।।

ॐ ह्रीं सर्व मंगल दायक श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय पुष्पं निर्व. स्वाहा।

मोह पगे षटरस व्यंजन से, मन मोहित हो जाता है।
क्षुधा पूर्ति को खाए निशदिन, पूर्ण नहीं कर पाता है।।
चरु से अर्चन करके नशती, क्षुधा वेदना रही प्रधान।
मुनिसुव्रत के श्री चरणों में, मेरा बारम्बार प्रणाम।।5।।

ॐ ह्रीं सर्व मंगल दायक श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नैवेद्यं निर्व. स्वाहा।

दीपक की छवि से प्रेरित हो, सम्यकज्ञान प्रकाश करे।
खाके तिमिर उगलता कालिख, निज का जो आभास करे।।
बाह्य तिमिर को करे प्रकाशित, है दीपक का यह अवदान।
मुनिसुव्रत के श्री चरणों में, मेरा बारम्बार प्रणाम।।6।।

ॐ ह्रीं सर्व मंगल दायक श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय दीपं निर्व. स्वाहा।

दुख के कारण रागद्वेष हैं, मन को धूमिल करें विशेष।
धूप दशांगी धर्म जगाए, कर्म नाश हो जाए अशेष।।
कर भक्ती अष्टांग नमित्त हो, करके श्री जिन का गुणगान।
मुनिसुव्रत के श्री चरणों में, मेरा बारम्बार प्रणाम।।7।।

ॐ ह्रीं सर्व मंगल दायक श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय धूपं निर्व. स्वाहा।

भव-भव भ्रमण कराने वाले, भाव जीव के हैं दुखकार।
फल का नाम बड़ा इस जग में, महिमा जिसकी अपरम्पार।।
बीज वपन से तरुणाई तक, फल का करता जग सम्मान।
मुनिसुव्रत के श्री चरणों में, मेरा बारम्बार प्रणाम।।8।।

ॐ ह्रीं सर्व मंगल दायक श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय फलं निर्व. स्वाहा।

जल निर्मल चन्दन शीतलता, पुष्प सुगन्धी करे प्रदान।
अक्षत अक्षय पद दायक है, चरु से क्षुधा का होय निदान।।
दीपक ज्ञान प्रकाशी गाया, कर्म शमन कारी है धूप।
फल है मोक्ष महाफलदायी, अर्घ्य से पाएँ सुपद अनूप।।
जिन पूजा का फल है अनुपम, जिससे मिलता पद निर्वाण।
मुनिसुव्रत के श्री चरणों में, मेरा बारम्बार प्रणाम।।9।।

ॐ ह्रीं सर्व मंगल दायक श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

दोहा - कर्त्ता हैं जिन धर्म के, तीर्थंकर भगवान।
शांती धारा दे रहे, जिन पद महति महान।।

शान्तये शांति धारा.....

दोहा - शिवपद के राही विशद, जग में हुए प्रसिद्ध।
पुष्पांजलि करके चरण, कार्य होंय सब सिद्ध।।

पुष्पांजलिं क्षिपेत्

जयमाला

दोहा - जिनको ध्याते भाव से, जग के बालाबाल।
मुनिसुव्रत भगवान की, गाते हम जयमाल।।

(पद्धड़ि छन्द)

जय मुनिसुव्रत गुण गण अपार, जिनके पद में मम नमस्कार।
दश जन्म के अतिशय किए प्राप्त, दश ज्ञान के पाके बने आप्त।।1।।
देवोंकृत चौदह हैं प्रधान, वसु प्रातिहार्य पाएँ महान।
प्रभु ज्ञानावरणी कर विनाश, कैवल्य ज्ञान करने प्रकाश।।2।।
जिन कर्म दर्शनावरण नाश, निज दर्शाननंत में करें वास।
प्रभु मोहकर्म का कर विनाश, फिर सुख अनन्त में करें वास।।3।।
ना अन्तराय का रहा काम, ना कर्मों का फिर रहा नाम।
सुर समवशरण रचना अपार, करके हर्षित हों बार-बार।।4।।
दे दिव्य देशना ॐकार, सुन भव्य जीव करते विचार।
निज रूप लख्यो आनन्द कार, भव भ्रमत जनों को हो उदार।।5।।
शुभ नय प्रमाण निक्षेप सार, दर्शाएँ कर संशय प्रहार।
प्रभु द्रव्य क्षेत्र अरु काल भाव, निक्षेपों का वर्णो प्रभाव।।6।।
इत्यादि तत्त्व उपदेश देय, नश कर्म शेष निर्वाण लेय।
शिव कूट सुनिर्जर से ऋशीष, प्रगटाए जिनपद नमत शीश।।7।।

दोहा - श्री जिनेन्द्र के पद युगल, वन्दन बारम्बार।
भाते हैं हम भावना, पाएँ भव से पार।।

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा - मुनिसुव्रत व्रत धार कर, किए कर्म का नाश।
जिनके चरणों में 'विशद', होय हमारा वास।।

(इत्याशीर्वाद)

अर्घ्यावली – दीपार्चना

दोहा - भक्त आपका भाव से, करते हैं गुणगान।
पुष्पांजलि करते विशद, पाने शिव सोपान।।

(अथ मण्डलस्योपरि पुष्पांजलि क्षिपेत्)

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

मुनिसुव्रत व्रत के धारी, मंगलमय मंगलकारी।
परम पूज्य हैं अनगारी, पावन छियालिस गुणधारी।।
वीतरागमय अविकारी, तीनलोक के अघहारी।
जगतपूज्य अतिशय धारी, प्रभो! जगत विस्मयकारी।।
धर्म ध्यान के अधिकारी, ज्ञान दिवाकर शिवकारी।
पंच परम संयम धारी, कर्म घातिया के हारी।।
अनन्त चतुष्टय के धारी, सिद्ध शिला के अधिकारी।
दिव्य देशना दातारी, तीर्थंकर पदवी धारी।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।1।।

ॐ ह्रीं सर्व मंगल दायक श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

ॐ ह्रीं अर्हं अवधिज्ञान बुद्धिऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्त्ये दीपकं स्थापयामि।

वैभव दर्शन

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

अपराजित से चय आये, राजगृही नगरी पाए।
नृप सुमित्र जी कहलाए, माँ श्यामा देवी पाए।।
कछुआ पग लक्षण पाए, श्याम रंग के कहलाए।
तीस हजार वर्ष भाई, आयु प्रभु जी ने पाई।।
बीस धनुष थी ऊँचाई, प्रभू कहे हैं शिवदायी।
उल्का पतन देख स्वामी, हुए विरागी शिवगामी।।
चम्पक वन में प्रभु जाते, आप स्वयं दीक्षा पाते।
अष्टादश गणधर गाए, तीस सहस ऋषिवर पाए।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।2।।

ॐ ह्रीं विशिष्ट वैभव प्राप्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

ॐ ह्रीं अर्हं मनःपर्ययज्ञान बुद्धिऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

गर्भ कल्याणक

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

पूर्व भवों में पुण्य किया, जिसका फल प्रभु आज लिया।
सोलह भावना भाए हैं, करुणा उर में पाए हैं।।
तीर्थंकर प्रकृति भाई, जिसके फल से प्रभु पाई।
सोलह स्वप्न देख माता, पाए मन में जो साता।।
आज गर्भ अवतार हुआ, स्वप्न विशद साकार हुआ।
श्रावण वदि द्वितिया पाए, प्रभू गर्भ में जो आए।।
रत्न वृष्टि तब देव किए, राजगृही अवतार लिए।
आज गर्भ कल्याणक हम, मना रहे हैं शांति प्रदम्।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।3।।

ॐ ह्रीं श्रावण कृष्ण द्वितियाम गर्भ कल्याणक प्राप्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं नि.स्वाहा।

ॐ ह्रीं अर्हं केवलज्ञान बुद्धिऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्था.।

जन्म कल्याणक

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

वदि वैसाख दशें आई, भारी जो खुशियाँ लाई।
जन्म प्रभु जी जब पाए, राजगृही उत्सव छाए।।
तीर्थंकर का जन्मोत्सव, हुआ वहाँ पर देवोत्सव।
अहो जन्म कल्याणक है, जीवों को सुखदायक है।।
इन्द्र राज खुश हो आए, गज ऐरावत जो लाए।
जो सुमेरु पर ले जाए, न्हवन हर्षमय करवाए।।
चिन्ह देख शुभ नाम दिया, मुनिसुव्रत जय गान किया।
शचि प्रभु का श्रंगार अरे!, हर्षित होकर श्रेष्ठ करे।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।4।।

ॐ ह्रीं वैशाख कृष्ण दशम्यां जन्म कल्याणक प्राप्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं नि.स्व.।

ॐ ह्रीं अर्हं बीज बुद्धि ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

तप कल्याणक

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

जाति स्मृति प्रभुने पाई, चेतन की सुधि तव आयी।
भेद ज्ञान था प्रगटाया, समझ गये तन की माया।।
पुद्गल जड़ है अज्ञानी, मैं चेतन चिन्मय ज्ञानी।
आत्म तत्त्व का रूप नहीं, रूपी आत्म स्वरूप नहीं।।
वदि वैसाख दशें पाए, विशद भावना प्रभु भाए।
उर वैराग्य उमड़ आया, प्रभु ने संयम को पाया।।
लौकान्तिक सुर तब आए, संस्तुति करके गुण गाए।
अपराजित शिविका लाए, देव नील वन पहुँचाए।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।5।।

ॐ ह्रीं वैशाख कृष्ण दशम्यां तप कल्याणक प्राप्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व.स्व.।
ॐ ह्रीं अर्हं कोष्ठ बुद्धिऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

ज्ञान कल्याणक

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

संयम धर सन्यास लिए, निज आतम का ध्यान किए।
प्रभू मौन के धारी हो, तन मन से अविकारी हो।।
रहे प्रभू प्रतिमासन से, खड्गासन वीरासन से।
स्थिर हो सर्वांगासन, उत्तम-उत्तम ध्यानासन।।
शुक्ल ध्यान परिपूर्ण किए, कर्म शिखर चकचूर किए ।
वदि वैशाख नौमि पाए, विशद ज्ञान प्रभु प्रगटाए।।
दिव्य ध्वनि का दान दिए, सर्व जगत कल्याण किए।
यहाँ ज्ञान कल्याणक हम, मना रहे हैं ज्ञानप्रदम्।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।6।।

ॐ ह्रीं वैशाखकृष्ण नवम्यां ज्ञान कल्याणक प्राप्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व.स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं पादानुसारि बुद्धिऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

मोक्ष कल्याणक

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

गिरि सम्मेद शिखर आए, निर्जर कूट प्रभू पाए।
अपने सारे कर्म क्षये, भव सिन्धू से पार गये।।
फागुन वदि बारस गाई, प्रभू मोक्ष पदवी पाई।
हुए आप शिवपुर वासी, पद पाए प्रभु अविनाशी।।
नित्य निरंजन अविकारी, सिद्ध हुए मंगलकारी।
वसु कर्मों के उच्छेदक, ज्ञाता दृष्टा भव भेदक।।
निज स्वभाव में वास किए, समरस का आस्वाद लिए।
हुए सिद्ध मेरे भगवन्, हमको भी दो सिद्ध सदन।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।7।।

ॐ ह्रीं फागुनकृष्ण द्वादश्यां मोक्ष कल्याणक प्राप्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व.स्व.।
ॐ ह्रीं अर्हं संभिन्न संश्रोतृत्व बुद्धि ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

महागुरु

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

महाव्रती जो व्रतियों में, महा सुयति जो यतियों में।
महासुगुरु हैं गुरुओं में, कल्प तरु हैं तरुओं में।
ज्ञान सुनिधि के हैं सागर, गुण रत्नों के रत्नाकर।।
जग में पावन ज्ञेय रहे, ध्याताओं के ध्येय रहे।
सभी आपको ध्याते हैं, महिमा अतिशय गाते हैं।।
निरालम्ब हो आप विभो!,भव्यों के आलम्ब प्रभो!।
जग के आप विधाता हो, कण-कण के प्रभु ज्ञाता हो।।
भक्ती मम स्वीकार करो, हे प्रभु! भव से पार करो।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।8।।

ॐ ह्रीं महागुरुता प्राप्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं दूरास्वादित्व बुद्धि ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

अरहंत

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

अर्हत् राग विहीन कहे, जगत पूज्य शिवकंत रहे।
धर्म तीर्थ के कर्त्ता हे!, मुक्ति वधु के भर्त्ता हे!।।
अरिरज रहस विहीन कहे, गुणागार स्वाधीन रहे।
निज स्वभाव में लीन प्रभो!, केवल ज्ञान प्रवीण विभो!।।
नाथ! आपकी दिव्य ध्वनी, जीवों ने जो जहाँ सुनी।
प्रेम परस्पर में पाए, क्षमा क्षेम को अपनाए।
आप हुए गुण के आकर, गुणानन्तके रत्नाकर।
दाह निकन्दन हे चंदन!, मन वच तन तव पद वन्दन।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।9।।

ॐ ह्रीं अरहंत पद प्राप्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं दूरस्पर्शत्व बुद्धि ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

सिद्ध

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

प्रभु जी सिद्ध स्वपद पाए, निज स्वभाव जो प्रगटाए।
अष्ट कर्म से मुक्त हुए, अष्ट गुणों संयुक्त हुए।।
ज्ञान अनन्त जगाए हैं, दर्शन गुण प्रगटाए हैं।
सुखानन्त प्रभु जी पाए, बलानन्त संयुत गाए।।
गुण सूक्ष्मत्व जगाए हैं, अवगाहन गुण पाए हैं ।
अव्याबाध सुगुणधारी, अगुरुलघु धर अनगारी।।
द्रव्य भाव नोकर्म नहीं, जहाँ अशाश्वत धर्म नहीं।
पुण्य पाप का नाम नहीं, दुख चिंता का काम नहीं।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।10।।

ॐ ह्रीं सिद्ध पद प्राप्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं दूरघ्राणत्व बुद्धि ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

मंगल

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

मंगल पुण्य प्रदाता हैं मंगल मंगल दाता हैं।
मंगल पाप गलाता है, मंगल सुख को लाता है।।
मंगल क्षेम प्रदायक हैं, मंगल मंगल दायक हैं।
मंगल शिव परिचायक हैं, मोक्ष मार्ग दर्शायक हैं।।
मंगल पावन चार कहे, अर्हत् मंगलकार रहे।
परम सिद्ध मंगल कारी, सर्व साधु हैं अनगारी।।
मंगलमय धर्माराधन, परम मोक्ष का है साधन।
अतः मंगलाचरण करें, अपने सारे पाप हरें।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।11।।

ॐ ह्रीं सर्व मंगल दायक श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं दूरश्रवणत्व बुद्धि ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

उत्तम

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

चार कहे जग के उत्तम, विश्व वंद्य उत्कृष्ट परम।
लोक पूज्य अर्हन्त जिनम्, हरने वाले सारे गम।।
प्रथम कहे उत्तम अर्हन्, कर्म घातिया किए शमन।
दूजे सिद्ध श्री पाए, आठ मूलगुण प्रगटाए।।
तीजे सर्व साधु उत्तम, हरने वाले सर्व करम।
परम केवली कथित धरम, रहा लोक में सर्वोत्तम।।
करने से जिन चरण नमन, भाव सहित जिन पद अर्चन।
हो जाते हैं कर्म शमन, जीवन हो ये विशद चमन।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।12।।

ॐ ह्रीं सर्व उत्तम रूप श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं दूरदर्शनत्व बुद्धि ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

शरण

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

सुर नर नाग रहे अशरण, करते हैं जो जन्म मरण।
दर्श ज्ञान हो सदाचरण, होय कर्म का तभी क्षरण।।
रहे लोक में चार शरण, जिनको करना सदा वरण।
मोक्ष मार्ग पर होय गमन, जीवन होगा तभी चमन।।
पूज्य रहे अरहंत चरण, दूजी गाई सिद्ध शरण।
सर्व साधु जग तार तरण, जैन धर्म करते धारण।।
शिव नगरी के संस्थापक, पावन शिवपथ के नायक।
निज आतम के प्रच्छालक, रहे स्वयं के संचालक।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।13।।

ॐ ह्रीं सर्व जगत् शरण दायक श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं दशपूर्वित्व बुद्धि ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

आगम

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

तत्त्व बोधनी जिनवाणी, अखिल विश्व की कल्याणी।
पावन है जिनकी वाणी, वीतराग मय विज्ञानी।।
अंग बाह्य श्रुत ज्ञान कहा, भेद अनेकों रूप रहा।
अंग प्रवृष्टी के भाई, ग्यारह भेद हैं शिवदायी।।
आगम का इक इक अक्षर, हृदय में धारे कोई अगर।
हरने वाले सर्व विपद, काम आऐंगें ये पद-पद।।
जिनवाणी का ज्ञान करें, सुधी सुधारस पान करें।
मन से मन में मनन करें, अपना जीवन चमन करें।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।14।।

ॐ ह्रीं जिनागम स्वरूप श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं चतुर्दशपूर्वित्व बुद्धि ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

जिनचैत्य

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

श्री जिनवर की प्रतिमाएँ, वीतरागता दर्शाएँ।
सहज शांत मुद्रा पाएँ, भवि जीवों के मन भाएँ।।
रहे निरायुध निर्भय जो, निर्विकार इन्द्रिय जय जो।
अशन वशन आभरण नहीं, और दिखें ना अन्य कहीं।।
सहज शांत मुद्रा धारी, परम दिगम्बर अविकारी।
आनन पे आनन्द रहा, भाव शुद्धि का छन्द रहा।।
मूरत अति मन भावन है, शांति विधायी पावन है।
भक्त भक्ति कर झूम रहे, चरणाम्बुज जो चूम रहे।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।15।।

ॐ ह्रीं जिनचैत्य स्वरूप श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं अष्टांगमहानिमित्त बुद्धि ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

चैत्यालय

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

जय जय जय जिन चैत्यालय, जिन बिम्बों के शुभ आलय।
पाप विनाशक पुण्यालय, कष्ट निवारक सौख्यालय।।
कृत्रिमाकृत्रिम चैत्यालय, धर्म प्रकाशक धर्मालय।
श्री जिनेन्द्र के प्रतिमालय, सद् भक्तों के प्रतिभालय।।
घण्टा ध्वज तोरण वाले, सुन्दर दिखते हैं आले।
समवशरण के प्रतिरूपक, चिन्मयता के चिद्रूपक।।
भवहर भवन विमानों में, व्यन्तर ज्योतिष यानों में।
कहे गये जो शांति सदन, चैत्यालय को विशद नमन।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।16।।

ॐ ह्रीं जिन चैत्यालय स्वरूप श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं प्रज्ञाश्रमणत्व बुद्धि ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

अतिशय महिमा

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

अनुपम अगम जिनेश्वर की, अमल रूप परमेश्वर की।
अतिशय महिमा गाने में, अनुपम काव्य रचाने में।।
पूर्ण रूपता शक्ति कहाँ, शब्द अर्थ स्वर युक्ति कहाँ।
हम जैसे अल्पज्ञ प्रभो!, छन्दों से अनभिज्ञ विभो!।।
है महान अर्हत् महिमा, ना सक्षम गाने गरिमा।
श्री जिनेन्द्र गुण के आगर, विशद गुणों के हैं सागर।।
हो विशाल बुद्धी वाला, द्वादशांग मति धी वाला।
सुर गुरु पूर्ण समर्थ नहीं, भक्ती जाए व्यर्थ नहीं।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।17।।

ॐ ह्रीं अतिशय महिमा दायक श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं प्रत्येक बुद्धि ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

अशोक प्रातिहार्य

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

समवशरण के स्थल में, धर्म देशना के पल में।
मणि मुक्ता सम चमक रहे, उदयाचल से दमक रहे।।
पत्र लता फल शाखाएँ, अतिशय महिमा दिखलाएँ।
तरु अशोक कहलाता है, शोक नहीं रह पाता है।।
हो प्रभाव जड़ के ऊपर, पड़े नहीं क्यों चेतन पर।
सूर्योदय ज्यों हो जाए, अन्धकार ना रह पाए।
होय प्रफुल्लित कौन नहीं, पुलकित हो ना कौन कहीं।
जगत प्रफुल्लित हुआ अहा, प्रभु का विशद प्रभाव रहा।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।18।।

ॐ ह्रीं अशोक प्रातिहार्य प्राप्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं वादित्व बुद्धि ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

पुष्प वृष्टि

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

पुष्प गगन से वर्षाते, सुरगण मन में हर्षाते।
समवशरण महिमा शाली, जन मन में हो खुशहाली।।
यह आश्चर्य हुआ जिनवर, अद्भुत कार्य हुआ प्रभुवर।
पुष्प पाँखुड़ी ऊपर हो, डण्ठल सदा निम्नतर हो।।
प्रभु चरणों में आते हैं, मानो महिमा गाते हैं।
ज्यों भौरे मडराते हैं, मधुकर से मधु पाते हैं।।
शुभम् भाव अपनाते हैं, ना विकार मन लाते हैं।
कर्मों का अपकर्ष करें, धर्म भाव उत्कर्ष करें।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।19।।

ॐ ह्रीं पुष्प वृष्टि प्रातिहार्य प्राप्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं सर्वविक्रिया ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

दिव्य ध्वनि

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

श्री जिनेन्द्र के वचनों को, मंगलमय प्रवचनों को।
दिव्य ध्वनि कहते ज्ञानी, जग जन की जो कल्याणी।।
अष्टादश महाभाषामय, सप्त शतक लघु भाषामय।
अनेकांतमय शुभकारी, स्याद्वाद युत मनहारी।।
ॐकार मय जो गाई, अमृत वाणी कहलाई।
कर्णांजलि से पी करके, रसास्वाद अनुभव करके।।
जग को परमानन्द मिले, भविजन मन के सुमन खिले।
भव्य जीव रस पान करें, अजर अमर शिव धाम वरें।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।20।।

ॐ ह्रीं दिव्य ध्वनि प्रातिहार्य प्राप्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं नभस्तलगामिचारण ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

चंवर

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

रजत कांति सम धवल कहे, चँवर ढुराते इन्द्र रहे।
ऊपर से नीचे आते, नम्र भाव जो दिखलाते।।
धीरे-धीरे डोल रहे, मानो मन से बोल रहे।
यह माने हम हे स्वामी! हे जिनेन्द्र अन्तर्यामी।।
पुण्डरीक पुरुषोत्तम हे!, सर्वोत्तम देवोत्तम हे!।
तीर्थंकर परमोत्तम हे!, परम देह चरमोत्तम हे!।।
निर्मल भाव बनाए हैं, आप शरण में आए हैं।
भक्ति भाव से नमन करें, ऊर्ध्व लोक में गमन करें।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।21।।

ॐ ह्रीं चंवर प्रातिहार्य प्राप्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं जलचारणक्रिया ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

सिंहासन

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

तीर्थंकर का आसन है, स्वर्ण मयी सिंहासन है।
रत्नखचित है मनहारी, आसन्दी प्रभु की प्यारी।।
चार पाद जिसमें जानो, अनन्त चतुष्टय से मानो।
जैसे अचल सुदर्शन पर, स्वर्णाचल गिरिवर मन्दर।।
प्रभु आभा से जो सोहें, भव्यों के मन को मोहें।
श्याम वर्ण में जिन स्वामी, शोभित हो अन्तर्यामी।।
हर्ष विभोर करें दर्शन, अतिशय कारी आकर्षण।
वर्णन करना कठिन रहा, नहीं कोई कह सके अहा।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।22।।

ॐ ह्रीं सिंहासन प्रातिहार्य प्राप्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं जंघाचारणक्रिया ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

भामण्डल

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

नव्य सृष्टि का भामण्डल, कांतिमान आभामण्डल।
किरणावलि सा चमक रहा, निज आभा से दमक रहा।।
नील वर्ण आभा वाला, घेर रही हो ज्यों माला।
उदयाचल पर रवि जैसे, सोहे भामण्डल वैसे।।
तरु अशोक लज्जित होवें, मानो निज आभा खोवें।
पत्रों की छवि घट जाए, कांति नहीं फिर जो पाए।।
वीतराग प्रभु का दर्शन, गुण समूह का आकर्षण।
राग रंग ना खोता क्या?, मन विराग ना होवे क्या।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।23।।

ॐ ह्रीं भामण्डल प्रातिहार्य प्राप्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं फलपुष्प पत्रचारण क्रिया ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

देव दुन्दुभि

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

देव दुन्दुभी बजती है, सूचित सबको करती है।
रे-रे प्राणी जग जाओ, आतम हित में लग जाओ।।
आमंत्रण यह भेज रही, जग में दे सन्देश सही।
समवशरण में आना है, मोक्ष पुरी में जाना है।।
भक्ती हृदय जगाना है, जीवन सफल बनाना है।
जिन मण्डप में आ जाओ, मुनिसुव्रत के गुण गाओ।।
रहे सारथी शिव पथ के, महारथी हैं शिवरथ के।
रथ में आप बिठाते हैं, सिद्ध सदन ले जाते हैं।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।24।।

ॐ ह्रीं दुन्दुभि प्रातिहार्य प्राप्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं अग्निधूमचारण क्रिया ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

छत्रत्रय

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।
श्री जिनेन्द्र के आने से, ज्ञानोदय हो जाने से।
मोह तिमिर का होय विलय, होय प्रकाशित लोक त्रय।।
चन्द्र बिम्ब आभा दायक, तारागण रजनी नायक।
कांतिमान मलीन हुआ, जो अधिकार विहीन हुआ।।
कांतिमान फिर नहीं रहे, गगन मध्य वह कहीं रहे।
छत्र त्रय आभा वाला, मोती की जिसमें माला।।
तीन लोक के ईश्वर हैं, परम पूज्य जगदीश्वर हैं।
छत्रत्रय दर्शाते हैं, विनयी भाव जगाते हैं।।
विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।25।।

ॐ ह्रीं छत्रत्रय प्रातिहार्य प्राप्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं मेघधारा चारणक्रिया ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

दोहा - मंगल उत्तम शरण हैं, अर्हत सिद्ध ऋषीश।
प्रातिहार्याधीश पद, झुका रहे हम शीश।।

गंधकुटी स्थित मुनिसुव्रतनाथ

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।
समवशरण में अतिशायी, गंध कुटी सोहे भाई।
कांति सुमणि माणिक मणियाँ, हीरा मोती की लड़ियाँ।।
होय रजत मय से रचना, तीन पीठिका युक्त बना।
अष्ट द्रव्य शोभा पाएँ, श्रेष्ठ ध्वज फहराएँ।।
कमल कांतिमय श्रेष्ठ रहा, सिंहासन शुभकार अहा।
ऊपर चउ अंगुल स्वामी, शोभा पाएँ शिवगामी।।
महाप्रतापी महिमा धर, मुनिसुव्रत जी तीर्थंकर।
गुण समूह से भूषित हैं, तीन लोक आपूरित हैं।।
विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।26।।

ॐ ह्रीं गंधकुटी प्रातिहार्य प्राप्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं तन्तुचारणक्रिया ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

सुरपूज्य

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।
नम्र हुए सुर वृन्दों के, भवनात्रिक नागेन्द्रों के।
मुकुटों में मण्डित मणियाँ, मुक्तामणि चित्रित लड़ियाँ।।
मौलि सुमणि की आभाएँ, जिन पद में आश्रय पाएँ।
सत्य बात है यह स्वामी, वीतराग जिन निष्कामी।।
शुभ मन वाले जो प्राणी, भव्य जीव सम्यकज्ञानी।
एक ठिकाना पाते हैं, अन्य कहीं ना जाते हैं।।
सत्य कथन तो यही रहा, माने सारा जगत अहा।
मुनिसुव्रत की शरण अरे!, चरण कमल में रमण करे।।
विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।27।।

ॐ ह्रीं सुरपूज्य श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं ज्योतिष चारणक्रिया ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

इच्छित फल प्रदायक

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।
नाथ आपसे रहे विमुख, हुआ आपके जो अभिमुख।
उनको पार उतारा है, भव सिन्धू से तारा है।।
तारण हार कहाते हो, जगत पूज्यता पाते हो।
अखिल विश्व के वे प्राणी, जीवन जिनका जिनवाणी।।
झूठे जग के जल्पों में, तज संकल्प विकल्पों में।
चिन्तायें जंजालों को ,परिजन या घरवालों को।।
श्री जिन के पद कमलों को, श्रद्धास्पद पद युगलों को।
करके वन्दन आराधन, उनका भी हो अभिनन्दन।।
विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।28।।

ॐ ह्रीं इच्छित फल प्रदायक श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं मरूचारण क्रिया ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

जगत बान्धवत

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

जगत बन्धु तीर्थंकर का, जग बान्धव शिव शंकर का।
ऋद्धी धार ऋषीशों का, सच्चे देव मुनीशों का।।
वाद्ययंत्र मय गीतों से, सुर तालों संगीतों से।
जिन अर्चा कर हर्षाएँ, अतिशायी महिमा गाएँ।।
मुझ अबोध ने निश्चय से, अन्य किसी भी आशय से।
अन्तस् में ना बैठाया, आत्म भाव से ना ध्याया।।
भक्ति रहित आचार अमल, कभी न देवे मुक्ती फल।
हुए ना निज के अनुरागी, अतः हुए दुख के भागी।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।29।।

ॐ ह्रीं जगत बान्धवत श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं सर्वतपः ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

आश्रय दाता

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

जग पावन कर्त्ता जिनवर, गुणानंत भर्त्ता प्रभुवर।
शरणागत आश्रय दाता, चरणागत के हे त्राता!।।
मोक्ष मार्ग के नेता हे!, कर्म शत्रु के जेता हे!।
हे प्रसिद्ध महिमा धारी!, विशद सिद्ध महिमाकारी।।
तव चरणाम्बुज जो पाए, भक्ति भाव मन में लाए।
करुणाकर करुणा करके, दया भाव मुझ पर धरके।।
दुःखांकुर का दलन करो, भव बीजांकुर शमन करो।
नाथ! करो अन्धेर नहीं, करो नहीं प्रभु देर कहीं।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।30।।

ॐ ह्रीं आश्रय दायक श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं अघोर ब्रह्मचारिरस्त्वतपः ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

दुखहर्त्ता जिन

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

अखिल विश्व के ज्ञाता हे! जिन सर्वज्ञ विधाता हे।
वन्दनीय शत इन्द्रों से, अर्चनीय देवेन्द्रों से।।
भूतल के हर कण-कण को, भूत भविष्यत इस क्षण को।
निज स्वभाव से जान रहे, केवल बोध प्रमाण रहे।।
जगती पति भव तार कहे, जन-जन के उद्धार कहे।
आप बचाओ आकर के, इस अथाह भव सागर से।।
दुखिया के दुख दूर करो, प्रभु सुख से भरपूर करो।
मुनिसुव्रत मेरे भगवन्, पावन कर दो मम जीवन।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।31।।

ॐ ह्रीं दुखहर्त्ता श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं मनोबल ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

परम आदर्श

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

प्रभु आदर्श हमारे हो, तुम ही एक सहारे हो।
तुम चरणों का चेरा मैं, करता चरण बसेरा मैं।।
तव चरणों की भक्ती का, निज भावों की शक्ती का।
लाभ जीव यह पाते हैं, जीवन सफल बनाते हैं।।
धन वैभव की आश नहीं, पर भव सुख की प्यास नहीं।
केवल इतना दान मिले, वरद हस्त वरदान मिले।।
आप हमारे स्वामी हो, नयनों के पथगामी हो।
जन्म जन्म तुम साथ रहे, तव पद मेरा माथ रहे।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।32।।

ॐ ह्रीं सर्व परम आदर्श रूप श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं वचनबल ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

वैभव प्रदायक

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

निश्चल हो निज योगों में, शुभ भावों उपयोगों में।
मुख मण्डल मनहर सुन्दर, दर्श करें जिनका शुभकर।।
अंग अंग पुलकित होकर, अन्तः करण मुदित होकर।
रोम-रोम हर श्वासों से, प्रमुदित हो उल्लासों से।।
विधि विधान अपनाते हैं, मन में तुम्हें बसाते हैं।
कल्मष पूर्ण नशाते हैं, परम मोक्ष पद पाते हैं।।
भक्ति आपकी मन भायी, विशद संस्तुति यह गाई।
भक्त अमर बन जाते हैं, स्वर्ग सम्पदा पाते हैं।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।33।।

ॐ ह्रीं अतिशय वैभव प्रदायक श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं कायबल ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

बन्ध उच्छेदक

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

वीतरागमय अविकारी, प्रभो! आपकी छवि न्यारी।
हृदय कमल में आ जाए, मन में रूप समा जाए।।
जन्म जन्म के बन्धन हैं, कर्मों के अनुबन्धन हैं।
ढीले क्षण में पड़ जाते, या फिर छोड़ चले जाते।।
आएँ अनेकों विपदाएँ, एक साथ सब आ जाएँ।
जीवन की ना आशा हो, मन में भरी निराशा हो।।
दर्श आपका जो पाए, विपदा सारी टल जाए।
छूटे भव के बन्धन से, दुःखों कष्टों क्रन्दन से।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रत की, महिमा अतिशय गाते हैं।।34।।

ॐ ह्रीं भव बन्धोच्छेदक श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं आमर्षौषधि ऋद्धि युक्त श्री मुनिसुव्रत जिनेन्द्राय नमः स्वस्तये दीपकं स्थापयामि।

तारण तरण

मुनिसुव्रत जिन के चरणों में, सादर शीश झुकाते हैं।
विशद शांति प्रगटाने निज में, प्रभु की महिमा गाते हैं।।

तारण तरण कहाते हैं, भव से पार लगाते हैं।
सच्चे भक्त कहाते हैं, हृदय बीच बैठाते हैं।।
साथ आपका पाते हैं, पार स्वयं हो जाते हैं।
बात सभी ज्ञानी जाने, चमत्कार प्रभु का मानें।।
लोक रीति यह गाई है, लोगों ने बतलाई है।
हवा मसक में भरते हैं, सिन्धू पार उतरते हैं।।
भक्त हृदय में भर स्वामी, पार करो भव जग नामी।
अतः आपको ध्याते हैं, अपने हृदय सजाते हैं।।

विश्व शांति की महा कामना, से श्री जिन को ध्याते हैं।
